न्यालय, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बेरमो (तेनुघाट)
छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(क)/(ख) के अंतर्गत
***परमिशन वाद संख्या 146 वर्ष 2022***

| | |
|---|---|
| आवेदक–अघनु टुडू | क्रेता– पंचु देवी |
| ग्राम – चरगी | ग्राम –बुढनगोडा |
| थाना – पेटरवार जिला–बोकारो | थाना –पेटरवार जिला– बोकारो |

| आदेश की क्र0 सं0 एवं तारीख 01 | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर 02 | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख के साथ। 03 |
|---|---|---|
| 06/06/23 | (see order below) | C.C ISSUED 26/06/23; C.C ISSUED 18/07/23 |

**आदेश**

यह वाद अघनु टुडू पिता स्व0 प्रेमचंद मॉझी निवासी ग्राम चरगी थाना पेटरवार जिला –बोकारो द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 (1)(क))/**(ख)** के अंतर्गत निम्नांकित जमीन, विवरण निम्नवतः–

| मौजा | थाना न0 | खाता न0 | प्लॉट न0 | कुल रकबा | बिक्री रकबा | भूमि दर्जा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चरगी | 16 | 23 | 524 | 40 डी0 | 10 डी0 | कृषि योग्य |

को वे अपने आवश्यक कार्य हेतु मो0 3,10,000/– (तीन लाख दस हजार ) रूपये में क्रेता– पंचु देवी पति धर्मनाथ गंझू निवास ग्राम बुढनगोडा थाना पेटरवार जिला– बोकारो के साथ बिक्री करने की अनुमति हेतु समर्पित आवेदन के आधार पर आरम्भ किया गया तथा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1),(ख) के तहत आवेदन पत्र को पंजीकृत करते हुए आम सूचना निर्गत की गई, तथा इस कार्यालय के पत्रांक 1276/रा0 दिनांक 27.12.2023 के माध्यम से अंचल अधिकारी, पेटरवार से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई।

निर्धारित अवधि तक किसी के द्वारा प्रस्तावित भूमि की अनुमति प्रस्ताव के विरूद्ध कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई। प्रस्तावित भूमि की बिक्री की अनुमति के संबंध में अंचल अधिकारी, पेटरवार के पत्रांक 527 दिनांक 31.05.2023 से वांछित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया है किः–

01. बिक्रेता एवं क्रेता दोनो संथाल जाति के सदस्य हैं जो अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आते हैं। बिक्रेता ग्राम चरगी एवं केता ग्राम बुढनगोडा एवं दोनो थाना–पेटरवार जिला–बोकारो का निवासी है।
02. बिक्री की जाने वाली भूमि सर्वे खतियान में छोटो मॉझी वल्द बधराम मॉझी के नाम से दर्ज है तथा जमाबन्दी दुलारी मंझियान के नाम से पंजी–II के पृष्ठ सं0 4/175 में दर्ज है एवं लगान रसीद वर्ष 2016–2017 तक निर्गत है। बिकेता को यह भूमि आपसी बॅटवारानामा द्वारा हासिल है।
03. जमाबंदीधारी रैयत से बिकेता का संबंध दादी–पोता का है। बिकी वाली भूमि बिकेता के हक व हिस्से के अन्तर्गत आता है जिसपर बिकेता का दखल कब्जा है।
04. प्रस्तावित भूमि भू हदबन्दी, भूदान, सैरात, वन भूमि, सी0सी0एल0 अधिग्रहित क्षेत्र, से बाहर है।

उनके द्वारा बिक्रेता को प्रस्तावित भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन को अग्रसारित किया गया है।

दोनों पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए। दोनों पक्षों का ब्यान दर्ज किया गया। बिक्रेता द्वारा अपने

ब्यान में बतलाया गया है कि आवेदनांकित जमीन उनके पूर्वज छोटो मॉझी वल्द बधराम मॉझी के नाम सर्वे खतियान में दर्ज है तथा जमाबन्दी दुलारी मंझियान के नाम से चल रही है। बिक्री वाली जमीन उसके हिस्से की है जिसे वे आवश्यकता वश बेच रहे हैं।

क्रेता का कहना है कि उन्होंने प्रस्तावित जमीन को देखी है। उक्त जमीन में कोई विवाद नहीं है, तथा वर्तमान में आवेदक के शान्ति पूर्ण दखल कब्जे में है।

उभय पक्ष अपने पक्ष में निम्नांकित कागजात/दस्तावेज प्रस्तुत करते हैं:-

01. विक्रेता– छोटो मॉझी वल्द बधराम मॉझी के नाम सर्वेखतियान की छायाप्रति, दुलारी मंझियान के नाम लगान रसीद की छायाप्रति, आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं स्वयं के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति।

02. क्रेता– जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं स्वयं के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति ।

दोनों पक्षों का ब्यान सुनने, उनके द्वारा समर्पित कागजातों एवं अंचल अधिकारी पेटरवार से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि बिक्रेता एवं क्रेता दोनों संथाल जाति के सदस्य हैं जो अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आते हैं तथा बिकेता ग्राम चरगी एवं केता ग्राम बुढनगोडा दोनों एक ही, थाना एवं जिलान्तर्गत निवासी हैं। आवेदित भूमि बिक्रेता के हिस्से की खतियानी जमीन है, जिसे वे आवश्यकता वश बेचना चाहते हैं।

अतः अघनु टुडू पिता स्व0 प्रेमचंद मॉझी निवासी ग्राम चरगी थाना पेटरवार जिला–बोकारो को निम्नांकित भूमि :-

| मौजा | खाता न0 | प्लॉट न 0 | कुल रकबा | बिक्री रकबा | उत्तर सीमा | दक्षिण सीमा | पूरब सीमा | पश्चिम सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चरगी | 23 | 524 | 40 डी0 | 10 डी0 | नागेश्वर मांझी वगैरह | नीज बिकेता | जंगल झाडी | एन.एच. 23 सडक |

***कुल 10 डी0 (दस) डिसमिल जमीन मात्र।***

मो0 3,10,000/– (तीन लाख दस हजार रूपये ) या जिला अवर निबंधक बोकारो द्वारा निर्धारित नवीनतम भूमि मूल्यांकित राशि में जो अधिक हो, की दर से क्रेता– पंचु देवी पति धर्मनाथ गंझू निवास ग्राम बुढनगोडा थाना पेटरवार जिला–बोकारो के साथ बिक्री करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

इसके साथ ही इस वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है। इस आदेश से उभय पक्षों को अवगत करावें।

लेखापित एवं संशोधित

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
बेरमों (तेनुघाट)।

Digitally signed by SADANAND MAHTO
Date: 2024.08.28 12:33:49 +05:30
Location: 192.168.1.2

05/06/23

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
बेरमों (तेनुघाट)।